ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
169, चितवन एस्टेट, सैक्टर-गामा, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला- गौतम बुद्ध नगर उ.प्र.

पत्रांक -ग्रेनो/बिल्डर्स/2012/ 52
दिनांक 09 अक्टूबर, 2012

सेवा में,

M/s. Anthem Infrastructure Pvt. Ltd.,
E-360, Nirman Vihar, Main Vikas Marg,
Delhi-92

विषय **बिल्डर्स आवासीय/ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या- GH-07B सैक्टर- 16B पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की अनुमति विषयक।**

महोदय,

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के पत्रांक-ग्रेनो/बिल्डर्स/2012/1676, दिनांक 06 जून, 2012 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा एन0सी0आर0 प्लानिंग बोर्ड से प्राधिकरण का मास्टरप्लान-2021 की स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण आवंटित भूखण्ड पर निर्माण/विकास कार्य रोकने के आदेश जारी किये गये थे।

उपरोक्त के क्रम में सूचित करना है कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी के कार्यालय आदेश दिनांक 27 अगस्त, 2012 के द्वारा निर्माण/ विकास कार्य रोके जाने सम्बन्धी पूर्व में जारी कार्यालय आदेश दिनांक 25 अक्टूबर, 2011 को वापस लेते हुए निर्माण/ विकास कार्य करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। अतः आप आवंटित बिल्डर्स आवासीय/ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड पर उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 27 अगस्त, 2012 के अनुसार निर्माण की कार्यवाही कर सकते हैं।

भवदीय,

9/10/12

(विवेक गोयल)
प्रबंधक (बिल्डर्स)